गोवा को कार्गो हब के रूप में विकसित किया जाएगा

राष्ट्रीय समाचार

- केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री श्री सुरेश प्रभु ने कहा कि केन्द्र सरकार, राज्य सरकार तथा निजी सहयोगियों के माध्यम से गोवा को एक पर्यटन स्थल तथा कार्गो हब के रूप में विकसित करने का प्रयास कर रही है।
- पुनर्रोद्धार और मरम्मत कार्यों की निगरानी के पश्चात वह डाबोलिम हवाई अड्डे पर मीडिया को संबोधित कर रहे है।
- इस अवसर पर केन्द्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री श्रीपद नाइक, राज्य कृषि मंत्री श्री विजय सरदेसाई, राजस्व मंत्री श्री रोहन खाउंटे और परिवहन मंत्री श्री सुदीन धावलिकर भी उपस्थित थे।

पर्यावरण मंत्रालय ने प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (संशोधन) नियम अधिसूचित किए

राष्ट्रीय समाचार

सत्यमेव जयते
Ministry of Environment
Government of India

- पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (संशोधन) नियम 2018 अधिसूचित किए हैं।
- संशोधन नियमों में यह व्यवस्था की गई है कि बहुपरतीय प्लास्टिक (एमएलटी) का बंद किया जाना अब एमएलपी पर भी लागू है, जो कि गैर-रिसाइक्लेबल अथवा गैर ऊर्जा पुन:प्राप्य या बिना किसी वैकल्पिक उपयोग का होता है।
- संशोधित नियमों में उत्पादक/आयातक/ब्रांड मालिक के पंजीकरण के लिए एक कैंदीय पंजीकरण प्रणाली भी निर्धारित की है।

ई-वे बिल प्रणाली पांच राज्यों में लागू की गई

राष्ट्रीय समाचार

- राज्यों के बीच आपसी माल परिवहन के लिए बनाई गई ई-वे बिल प्रणाली 15 अप्रैल 2018 से पांच राज्यों में आरंभ की गई।
- इन राज्यों में आंध्रप्रदेश, गुजरात, केरल, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश शामिल हैं।
- वित्त मंत्रालय के अनुसार इससे इन राज्यों में व्यापार और उद्योगों को सुविधा होगी और पूरे देश में एक समान ई-वे बिल प्रणाली में मदद मिलेगी।

भारतीय अदालतों ने 2017 में 109 लोगों को मौत की सजा सुनाई: एमनेस्टी रिपोर्ट

राष्ट्रीय समाचार



- अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन एमनेस्टी इंटरनेशनल ने कहा है कि भारतीय अदालतों ने वर्ष 2017 में 109 से अधिक मामलों में मौत की सजा सुनाई गई।
- एमनेस्टी ने 12 अप्रैल 2018 को 'द डेथ संटेंसेज एंड एक्जिक्यूशंस 2017' नामक रिपोर्ट जारी की।

● वर्ष 2016 में 136 लोगों को मौत की सजा सुनाई गई थी, जिसके मुकाबले 2017 में मौत की सजा पाने वालों की तादाद 27 कम है।

सेना कमांडरों का सम्मेलन शुरू

● 16 अप्रैल, 2016 से प्रारंभ द्विवार्षिक सेना कमांडर सम्मेलन के उद्घाटन भाषण में माननीय रक्षा राज्य मंत्री डॉ. सुभाष रामराव भामरे ने भारतीय सेना की असंख्य सुरक्षा चेतावनियों का मुकाबला करने और इस प्रकार राष्ट्र के विकास और प्रगति का मार्ग प्रशस्त करने में योगदान की सराहना की।

● उन्होंने सेना द्वारा निरंतर प्रशिक्षण गतिविधियां चलाए जाने जिसमें मित्र देशों के साथ विभिन्न संयुक्त प्रशिक्षण एवं अभ्यास शामिल हैं, के लिए सराहना की।

● उन्होंने अत्यधिक गत्यागात्मक आंतरिक तथा बाह्य सुरक्षा चेतावनियां का मुकाबला करने के लिए तैयार रहने की जरूरत पर भी जोर दिया।

प्रतिरक्षा

मेघालय कम्युनिटी-लेड लैंडस्केप्स मैनेजमेंट प्रोजेक्ट के लिए विश्व बैंक के साथ 48 मिलियन अमेरिकी डॉलर का ऋण समझौता

● भारत ने मेघालय कम्युनिटी-लेड लैंडस्केप्स मैनेजमेंट प्रोजेक्ट के लिए विश्व बैंक के साथ 48 मिलियन अमेरिकी डॉलर के आईबीआरडी ऋण के लिए आज एक ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए।

● ऋण समझौते पर भारत सरकार की ओर से संयुक्त सचिव (एमआई), आर्थिक कार्य विभाग, श्री समीर कुमार खरे तथा विश्व बैंक की ओर से श्री हिशम ए अब्दो काहीन, एक्टिंग कंट्री डायरेक्टर, विश्व बैंक (भारत) ने हस्ताक्षर किए।

अर्थव्यवस्था

वामपंथी अतिवाद को रोकने के लिए लाभांश भुगतान की नई सरकारी नीति

● केंद्रीय गृह मंत्रालय 2015 से वामपंथी अतिवाद (एल डब्ल्यू ई) की रोकथाम के लिए 'राष्ट्रीय नीति तथा कार्य योजना' का कार्यान्वयन करता आया है।

● इसमें सुरक्षा तथा विकास से संबंधित उपायों सहित बहुआयामी नीति तैयार की गई है।

● नई नीति की महत्वपूर्ण विशेषताएं अहिंसा के विरूद्ध शून्य सहिष्णुता जिसके साथ विकासात्मक गतिविधियों को तीव्र करना शामिल है ताकि विकास का लाभ गरीबों और प्रभावित क्षेत्रों में संवेदनशील लोगों तक पहुंच सके।

अर्थव्यवस्था

बेनामी लेनदेन पर 50 हजार इनकम टैक्स नोटिस

अर्थव्यवस्था

- बेनामी प्रॉपर्टी के मालिकों को पकड़ने के लिए इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने म्यूचुअल फंड में नॉमिनी, इनकम टैक्स रिटर्न नहीं भरनेवाली हाई नेटवर्थ इन्वेस्टर्स की पत्नियों, पिछले कुछ वर्षों में रियल एस्टेट बेचने वाले नॉन रेजिडेंट इंडियन और नोटबंदी के दौरान बड़ी रकम जमा कराने वालों को नोटिस जारी किए हैं।
- एक वरिष्ठ आय कर अधिकारी ने ईटी को बताया कि लगभग 50,000 नोटिस भेजे गए हैं।
- डिपार्टमेंट पिछली ट्रांजैक्शंस और इनकम के सोर्स के बारे में और जानकारी मांग रहा है।

धर्मेंद्र 'राज कपूर लाइफ टाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से सम्मानित

पुरस्कार

- महाराष्ट्र सरकार ने दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र को 'राज कपूर लाइफटाइम अचीवमेंट' अवॉर्ड के लिए चुना है जबकि निर्देशक राजकुमार हिरानी को राज कपूर स्पेशल कंट्रीब्यूशन अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा।
- महाराष्ट्र शिक्षा एवं सांस्कृतिक मामलों के मंत्री विनोद तावड़े ने 15 अप्रैल 2018 को सोशल मीडिया के जरिए यह घोषणा की।
- राज्य सरकार द्वारा दिये जाने वाले ये पुरस्कार 55वें महाराष्ट्र स्टेट मराठी फिल्म उत्सव के दौरान दिये जायेंगे।

संयुक्त राष्ट्र ने रूस का अमेरिका के खिलाफ निंदा प्रस्ताव ख़ारिज किया

वैश्विक खबर

- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में रूस ने अमेरिका द्वारा सीरिया पर किये गये हवाई हमलों के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पेश किया जिसे सुरक्षा परिषद् द्वारा ख़ारिज कर दिया गया।
- प्रस्ताव पर हुई मीटिंग में अधिकतर देशों ने इसका विरोध किया तथा इस प्रस्ताव को पारित नहीं होने दिया।
- सीरिया में 7 अप्रैल को हुए कथित केमिकल अटैक के बाद पिछले एक सप्ताह में यूएन में यह पांचवी मीटिंग थी।

पाकिस्तान ने बाबर क्रूज मिसाइल के उन्नत संस्करण का सफल परीक्षण किया

वैश्विक खबर

- पाकिस्तान ने बाबर क्रूज मिसाइल के उन्नत संस्करण का 14 अप्रैल 2018 को सफल परीक्षण किया।
- बाबर मिसाइल पारंपरिक और गैर पारंपरिक हथियार ले जाने में सक्षम है।

- मिसाइल परीक्षण के मौके पर सामरिक योजना प्रभाग के महानिदेशक और दूसरे अधिकारी मौजूद थे।
- बाबर वीपन सिस्टम-1 (बी) में उन्नत एयरोडायनेमिक्स और विमानन उपकरण लगे हुए हैं।

वैश्विक खबर

यूएन ने दुनियाभर में सड़क हादसों को देखते हुए सड़क सुरक्षा ट्रस्ट फंड की शुरुआत की

- संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की उपमहासचिव अमीना मोहम्मद ने 12 अप्रैल 2018 को विश्वभर में खासकर भारत और कनाडा में बढ़ते सड़क हादसों को देखते हुए सड़क सुरक्षा ट्रस्ट फंड की शुरुआत की है।
- बात वैश्विक परिदृश्य के संदर्भ में करें तो सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतें एक गंभीर समस्या बन गई है।
- फंड में योगदान करने वाले प्रत्येक 1,500 डॉलर से एक जीवन को बचाया हो सकता है और 10 गंभीर चोटों को रोका जा सकता है तथा सड़क सुरक्षा में निवेश हेतु 51,000 डॉलर का लाभ उठाया जा सकता है।

योजनाएं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आयुष्मान भारत योजना लॉन्च की

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 14 अप्रैल 2018 को महत्वाकांक्षी आयुष्मान भारत योजना लॉन्च की भीमराव अंबेडकर के जन्मदिन के मौके पर नरेंद्र मोदी ने यह योजना छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में लॉन्च की।
- आयुष्मान भारत योजना के तहत देश के करीब 50 करोड़ लोगों को 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा मिलेगा।
- यहां पर पहले चरण की आयुष्मान भारत योजना लॉन्च की गई है।
- योजना आरंभ के दौरान प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि देश में 1.5 लाख गांवों में हेल्थ और वेलनेस सेंटर खुलेंगे।

योजनाएं

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 'ई-एफआरआरओ' योजना लॉन्च किया

- केंद्रीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने 13 अप्रैल 2018 को वेब आधारित ऐप 'ई-एफआरआरओ' (ई-फॉरेनर्स रीजनल रेजिस्ट्रेशन ऑफिस) लॉन्च किया।
- ई- एफआरआरओ योजना का उद्देश्य भारत आने वाले विदेशियों को तेजी से और कुशल सेवाएं प्रदान करने की कोशिश कर रहा है ताकि उन्हें सुखद यात्रा का अनुभव मिल सके।

आरबीआई ने उदारीकृत प्रेषण योजना के नियमों को कड़ा किया

- भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने देश से बाहर धन भेजने की उदारीकृत प्रेषण योजना (एलआरएस) की जानकारी देने के नियमों को और कड़ा कर दिया है।
- इस योजना के तहत कोई व्यक्ति एक वर्ष में ढाई लाख डॉलर तक विदेश भेज सकता है।
- मानदंडों को कड़ा करने का उद्देश्य निगरानी में सुधार करना और उदारीकृत प्रेषण योजना की सीमाओं का अनुपालन सुनिश्चित करना है।
- ये कदम देश से बाहर गैरकानूनी ढंग से धन बाहर भेजने पर रोक लगाने के उद्देश्य से उठाया गया है।

योजनाएं

कॉमनवेल्थ गेम्स 2018 समापन: भारत पदक तालिका में तीसरे स्थान पर

- गोल्ड कोस्ट (ऑस्ट्रेलिया) में हुए 21वें कॉमनवेल्थ गेम्स का 15 अप्रैल 2018 को समापन हो गया, जिसमें कुल 66 पदक जीतने वाला भारत 26 स्वर्ण के साथ तीसरे स्थान पर रहा।
- 80 स्वर्ण समेत 198 पदक जीतने वाला ऑस्ट्रेलिया पदकतालिका में पहले स्थान पर और 45 स्वर्ण समेत 136 पदक जीतने वाला इंग्लैंड दूसरे स्थान पर रहा।
- भारत वर्ष 2010 में दूसरे स्थान पर था।

खेल